डोरी – पूड़ी को कसने के लिए साधारणतया चमड़े की बद्दी होती है। परन्तु बांए में डोरी का प्रयोग भी कसने के लिए दिखाई देता है जिसमें छल्ले लगे होते हैं।
गुड़री – डग्गे की पेंदी में चमड़े का घेरा होता है, जिसे गुडरी कहते हैं। पूड़ी तथा गुडरी के मध्य बद्दी या डोरी कसी रहती है।

तबला मिलाने की विधि – तबला मिलाने के लिए हथौड़ी की आवश्यकता होती है। सर्वप्रथम गट्टों को चारों तरफ से ठोककर इच्छित स्वर में मिला लिया जाता है फिर सूक्ष्म अंतर को ठीक करने के लिए गजरे को ठोक कर मिला लिया जाता है।

पुरूषों के कण्ठ संगीत तथा सितार, सरोद के लिए सामान्यतः पहली काली का तबला रखा जाता है। महिलाओं के गायन हेतु चौथा या पांचवीं काली का तबला रखा जाता है। छोटे मुंह वाले तबले ऊंचे स्वर तथा चौड़े मुंह वाले तबले नीचे स्वर में बोलते हैं।

बांए को दाहिने तबले के अनुकूल बनाने हेतु केवल गजरे को ठोक कर व्यवस्थित कर लिया जाता है।

5.5.2 ताल वाद्य मृदंग/पखावज की संरचना, मिलाने की विधि एवं चित्र – भारतीय संगीत में गम्भीर गायन – ध्रुवपद/धमार तथा सुरबहार आदि वाद्य यंत्रों के साथ ही साथ नृत्य की संगति के लिए भी पखावज अथवा मृदंग का प्रयोग होता रहा है। पखावज अथवा मृदंग प्राचीन ताल वाद्यों में से है। इसका एकल/सोलो वादन भी चमत्कारिक व प्रभावोत्पादक होता है।
पखावज/मृदंग की संरचना – पखावज अथवा मृदंग लकड़ी का बना होता है। पखावज लगभग 2 फिट 2 इंच लम्बा होता है, जो खोखला होता है। शीशम, खैर अथवा विजयसाल की लकड़ी के पखावज सर्वोत्तम माने गए हैं। पखावज की संरचना केवल एक इकाई के रूप में होती है जो बेलनाकार आकार वाली होती है। इसके दाहिने मुंह का व्यास लगभग 6–7 इंच होता है जिसमें पूड़ी कसी रहती है। इसे दाहिना कहते हैं। इसका बांया मुंह लगभग 9–10 इंच व्यास का, पूड़ी से ढका रहता है। दाहिने एवम् बांए की पूड़ी बद्दी से कसी रहती है तथा बीच की बाहरी सतह में आठ लकड़ी के 'गट्टे' इसमें फंसे रहते हैं।



मृदंग/पखावज की दांयी पूड़ी के भाग :–

चांटी – पूड़ी के अंदर की ओर किनारे–किनारे लगी चमड़े की पट्टी को चांटी कहते हैं।

स्याही – पूड़ी के बीचों बीच मसाले(लौह चूर्ण) से निर्मित 'काली चंद्राकार' आकृति स्याही कहलाती है।

लव या लौ – चांटी और स्याही के मध्य के खाली स्थान को लव या मैदान कहते हैं।

गजरा – पूड़ी के चारों ओर चमड़े की मोटी किनार होती है जिसे गजरा कहते हैं।

बांए पूड़ी के भाग :

गोट – पूड़ी में चारों तरफ अन्दर की ओर लगी पट्टी गोट कहलाती है।

गजरा – पूड़ी के चारों तरफ चमड़े की मोटी किनार गजरा कहलाती हैं।

मैदान – बांए पूड़ी के मध्य जहां पर बजाने से पूर्व आटा चिपकाया जाता है तथा गोट के मध्य का खाली स्थान मैदान कहलाता है।

पखावज की बांयी पूड़ी सादी रहती है और वादन के पूर्व जौं या गेहूं का आटा गूंथ कर चन्द्राकार आकृति में बीच में चिपका दिया जाता है। वादन के उपरान्त खुरच कर निकाल लिया जाता है।



यवाकृति मृदंग | हारीतकी मृदंग | गोपुच्छाकृति मृदंग

पखावज/मृदंग मिलाने की विधि – पखावज को सामान्यतः षडज(सा) या प स्वर में मिलाते हैं। जिन रागों में प स्वर वर्जित होता है उनकी संगत के लिए इसे सा अथवा म में मिलाया जाता है। गट्टों को हथौड़ी के आघात से बीच में व्यवस्थित कर चढ़ाया जाता है तथा उतारने के लिए गट्टों को बांयी पूड़ी की ओर खिसकाया जाता है। ध्वनि के सूक्ष्म अन्तर हेतु गजरे पर हथौड़ी से प्रहार कर पखावज को मिलाया जाता है।

बांए को मिलाने हेतु गुंथे हुए आटे को कम या अधिक मात्रा में बांयी पूड़ी में चिपका कर दांयी पूड़ी के स्वर के अनुकूल बनाया जाता है। उतारने के लिए अधिक तथा चढ़ाने के लिए कम आटे का प्रयोग होता है।

पखावज को बैठ कर(पालथी लगाकर) बजाया जाता है तथा दाहिना मुंह थोड़ा उठा कर रखा जाता है।

अभ्यास प्रश्न

अ) सत्य/असत्य लिखें :

1. तबला एकांगी ताल वाद्य है।
2. ध्रुवपद/धमार गायकी में पखावज की संगति होती है।
3. पखावज के दाहिने भाग पर आटा गूंथ कर लगाया जाता है।
4. तबला जोडी के बांए भाग को डग्गा भी कहते हैं।

ब) लघु उत्तरीय प्रश्न :

1. तबले की संरचना का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

2. पखावज का परिचय दीजिए।

5.6 प्रमुख स्वर वाद्यों तथा ताल वाद्यों का संक्षिप्त इतिहास, कलाकार व उनके चित्र

भारतीय संगीत में वाद्य संगीत की भी अपनी विशिष्ट एवं समृद्धशाली परम्परा है। प्राचीन काल में संगीतज्ञ गायन के साथ–साथ वीणा वादक के रूप में भी प्रतिष्ठित थे, जो बीते जमाने में बीनकार के रूप में जाने जाते रहे तथा विख्यात हुए। इन वाद्यों में से कुछ प्रमुख वाद्य यंत्रों का इतिहास, उनके कलाकारों का विवरण तथा चित्र आपके ज्ञान की वृद्धि हेतु प्रस्तुत किए जा रहे हैं। स्वर वाद्यों के साथ ही ताल वाद्यों के इतिहास, कलाकारों का विवरण व चित्रों का भी अवलोकन आप सरलतापूर्वक कर सकेंगे।

5.6.1 स्वर वाद्य सितार का संक्षिप्त इतिहास, कलाकार व उनके चित्र – सितार भारतीय संगीत का अत्यंत लोकप्रिय एवं सुरीला वाद्य यंत्र है। सितार की उत्पत्ति के विषय में भिन्न–भिन्न मत हैं। एक मतानुसार सप्ततंत्री वीणा का यह वर्तमान स्वरूप है। दूसरे मतानुसार अमीर खुसरो को सितार का आविष्कारक माना गया है। फारसी में सेह–तार अर्थात तीन तार वाला वाद्य कलान्तर में सितार के नाम से जाना जाने लगा। एक अन्य मतानुसार इसे ईरानी साज माना जाता है। भारतीय संगीत में मुगलों के शासन काल में इस्लामी संस्कृति का भी प्रभाव पड़ा किन्तु सितार का स्वरूप, भारतीय वाद्यों की विशेषता के फलस्वरूप एक भारतीय वाद्य के रूप में ही प्रतिष्ठित है। भारतीय वाद्यों में घुड़च का चपटा होना तथा जो हड्डी अथवा हाथी दांत से बनाया जाता है एक विशेषता होती है, जो सितार में परिलक्षित है। इसके अतिरिक्त परदों एवं चिकारी की व्यवस्था सितार को भारतीय वाद्य के रूप में स्थापित करती है। तेरहवीं शताब्दी से सितार के प्रचलन की मान्यता है। सोलह–सत्रह परदों का सितार चलथाट का सितार कहलाता था जिसमें विकृत स्वरों की प्राप्ति के लिए परदों को सरकाना पड़ता था। सितार के स्वरूप में संशोधन एवं विकास का क्रम चलता रहा। तीन तारों से बढ़कर सात मुख्य तारों के रूप में इसमें परिवर्तन हुआ। बाईस परदों वाले सितार का प्रचलन भी आरम्भ हुआ जिसे अचल–थाट का सितार कहा जाता है। बीसवीं शताब्दी तक सितार पर्याप्त रूप से विकसित व लोकप्रिय हो चुका था। अनुगूंज के लिए इसमें तरबों का उपयोग किया जाने लगा तथा सितार की आस तथा तारता के गुण को बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक उपाय सिद्धहस्त कारीगरों द्वारा खोजे गए।

पहले सुरबहार वाद्य में आलाप–जोड़ का काम करने के पश्चात सितार में गतें बजाई जाती थी। परन्तु सितार में भारतीय वाद्य संगीत की सभी विशेषताओं का निरूपण हो जाने के कारण इसमें गम्भीर आलाप चारी, जोड़–आलाप, मींड़, गमक, कृन्तन तथा मंद्र व तार स्थानों में भी ध्वनि प्रसार की सहज अभिव्यक्ति संभव होने के कारण यह वाद्य विश्व के संगीताकाश में अत्यंत लोकप्रिय हुआ है।

सितार को अपनी कला व भावाभिव्यक्ति का आधार बना कर इसके कलाकारों ने अत्यंत धैर्य व लगन से संगीत साधना का क्रम जारी रखा। उसी का परिणाम है कि आज सितार तथा भारतीय संगीत को विश्व में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त हुआ है। वर्तमान युग के प्रमुख सितार वादकों में भारत रत्न स्व0 पं0 रविशंकर, स्व0 उस्ताद विलायत खां, उस्ताद हलीम जाफर खां, स्व0 पं0 निखिल बनर्जी, पं0 देवव्रत चौधरी, उस्ताद शुजात खां, उस्ताद शाहिद परवेज तथा पं0 बुद्धादित्य मुखर्जी का सितार वादन के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान है।



पं0 रविशंकर उस्ताद विलायत खां पं0 निखिल बनर्जी

उस्ताद शाहिद परवेज उस्ताद शुजात खां

5.6.2 स्वर वाद्य बेला/वायलिन का संक्षिप्त इतिहास, कलाकार व उनके चित्र – विश्व में वायलिन/बेला ही एकमात्र ऐसा अद्भुत वाद्य यंत्र है जो प्रायः हर देश में लोकप्रिय है। पाश्चात्य देशों में इस वाद्य यन्त्र के विकास हेतु गहन अनुसन्धान हुए जिसका परिणाम है कि वायलिन यूरोप, अमरीका, चीन, जापान, रूस, मध्य एशिया सहित भारत में भी लोकप्रिय हो गया। वायलिन वाद्य को भारतीय संगीतज्ञों ने जिस प्रकार हाथों हाथ लिया उसका कारण यह है कि यह भारतीय संगीत की कर्नाटकी एवं हिन्दुस्तानी दोनों शैलियों के समस्त अंग–प्रत्यंगों को भली–भांति अभिव्यक्त करने में सक्षम है।

वायलिन अथवा बेला की उत्पत्ति पर विचार करने पर भारतीय संगीतज्ञ यह निष्कर्ष निकालते हैं कि वायलिन भारतीय प्राचीन वाद्य, पिनाकी एवम् कच्छपी वीणा के सम्मिश्रण से विकसित वीणा का वर्तमान स्वरूप है। यह प्रमाणित है कि भारत में 'वीणा' के अनेक प्रकार प्राचीन काल से ही प्रचलित थे। वायलिन के आकार को देखने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि यह कच्छप अथवा कछुआ की ही आकृति का वाद्य है। इसके अतिरिक्त धनुष अथवा गज से बजने वाले वाद्य यंत्रों का प्रचलन भारत में वैदिक काल से था। भारत के पश्चात गज वाद्यों का प्रयोग अफगान व अरब–तुर्क देशों द्वारा अपनाया गया। इसके पश्चात पाश्चात्य देशों में लगभग बारहवीं शताब्दी में इसका प्रयोग आरम्भ हुआ। इस प्रकार यात्रा करते करते इस वाद्य का अपना वर्तमान स्वरूप पाश्चात्य देशों में इसके विकास के उपरान्त प्राप्त हुआ। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वायलिन का मूल आधार भारतीय होने के पश्चात भी अपने वर्तमान स्वरूप में इसको विकसित एवं लोकप्रिय करने में पाश्चात्य संगीतज्ञों एवम् कारीगरों का मुख्य योगदान है। इटली के 'गैसपारो वर्त्तोलेत्ती' (1540–1667) तथा एन्ड्रिया एमटि (1537–1611) यूरोप में वायलिन के श्रेष्ठतम घराने हैं। जर्मनी, फ्रान्स तथा यू.के. में भी वायलिन निर्माण व वादन की परम्पराएं हैं, परन्तु इटली के घराने सर्वश्रेष्ठ माने गए हैं। यूरोप में निकालो पाग्नीनी ने अठारवीं शताब्दी में सफल सोलो वायलिन वादन आरम्भ किया। इस प्रकार वायलिन यूरोप में संगति वाद्य के रूप में, आर्केस्ट्रा के प्रमुख वाद्य के रूप में तथा सोलो प्रस्तुति में सफलतापूर्वक प्रयोग में आ रहा है। इतने वर्षों में यह वाद्य पूरे विश्व में लोकप्रिय हो गया है। भारत में जब यूरोपीय व्यापारिक कम्पनियां आई तभी सत्रहवीं, अठारहवीं शताब्दी में इसका प्रयोग दक्षिण भारत से आरम्भ हुआ। कर्नाटकी संगीतज्ञों ने इस वाद्य की विशेषताओं को परख कर इसके उपयोग की भारतीय शैली विकसित की। धीरे–धीरे यह वाद्य उत्तर भारत में भी लोकप्रिय हो गया।

भारत में वायलिन के श्रेष्ठ पुरूष कलाकारों में पं0 पी0ए0एस0 अय्यर, उस्ताद अलाउद्दीन खां, पं0 गोपाल कृष्णन, पं0 टी0एन0 कृष्णन, पं0 लालगुडी जयरामन, पं0 गजानन राव जोशी, पं0 वी0जी0 जोग, पं0 डी0के0 दातार तथा डा0 एल0 सुब्रह्मण्यम आदि तथा महिला वायलिन वादिकाओं में डा0 एन0 राजम, सुश्री शिशिर कर्णधार चौधरी, श्रीमती स्वागता घोष, श्रीमती संगीता राजम, श्रीमती कला रामनाथ आदि प्रमुख हैं।



डा0 एन0 राजम पं0 वी0जी0 जोग डा0 एल0सुब्रह्मण्यम

पं0 गोपाल कृष्णन पं0 लालगुडी जयरामन

5.6.3 स्वर वाद्य सारंगी का संक्षिप्त इतिहास, कलाकार व उनके चित्र – स्वर वाद्य सारंगी भारत का एक कर्णप्रिय वाद्य यंत्र है जो भारत में लोक वाद्य व शास्त्रीय वाद्य के रूप में प्रतिष्ठित है। यह वाद्य यंत्र राजस्थान, पंजाब व उत्तराखण्ड के लोक कलाकारों, जोगी, फकीरों आदि का प्रिय वाद्य रहा है। लोक गायन, शास्त्रीय गायन के अतिरिक्त ठुमरी व गजल गायकी के कलाकार सारंगी की संगति में अपनी प्रस्तुति से नए आयाम छूने में सफल होते हैं। तबला व पखावज के कलाकार अपने हुनर को सारंगी से निकले लहरे या नगमे की धुन से जोड़ कर ही अपनी धाक जमाने में सफल होते रहे हैं। कथकनृत्य की आमद व गत–भावों का स्वप्निल कला संसार सारंगी के सुरों की कशिश में ही साकार होता है।

सारंगी के प्रादुर्भाव के विषय में कुछ संगीतज्ञ तेरहवीं शताब्दी के प्रसिद्ध ग्रंथ 'संगीत रत्नाकर' में शारंगदेव द्वारा वर्णित 'सारंगयालापिनी' को सारंगी वाद्य के संदर्भ से जोड़ते हैं। 'रावणहस्तवीणा' का नवीन संस्करण 'सारंगी' को माना जाता है। जैसा कि हम जानते है भारत में तंत्री वाद्यों को 'वीणा' के विभिन्न प्राचीन रूपों से ही जोड़ा जाता है। 'आइने अकबरी' में अबुलफजल ने 'सारंगी' का उल्लेख किया है कि सारंगी आकार में रबाब से छोटी है और इसे 'धिच्च्क' की तरह बजाते हैं। 'धिच्च्क' पर्शियन रबाब की तरह का वाद्य है जिसे गज या धनुष से बजाया जाता है। लंदन में अल्बर्ट म्यूजियम में मुगल कालीन पेंटिंग में सारंगी बजाते एक फकीर का चित्र है। प्रसिद्ध संगीत प्रेमी बादशाह मुहम्मद शाह 'रंगीले' के समय की पुस्तक 'मुरक्क–ए–देहली' में प्रसिद्ध सारंगी–वादक गुलाम मुहम्मद का जिक्र है। 'सारंगी' को पूर्व में 'सौरंगी' भी कहा जाता था क्योंकि संगीत के सौ रंग दिखाने में सारंगी सक्षम मानी जाती थी।

'सारंगी' दरबारों में गायक, वादकों तथा नर्तकों के प्रिय वाद्य के रूप में प्रतिष्ठित रहा। दरबारों के अवसान के पश्चात देशी रियासतों में इसको संरक्षण मिलता रहा। परन्तु कुछ काल तक यह वेश्याओं व मुजरे की संगति में प्रयोग में रहने के कारण इस वाद्य यंत्र की प्रतिष्ठा धूमिल हुई। कालान्तर में यह वाद्य अपनी खूबी व रंगत के कारण पुनः संगीतज्ञों के मध्य लोकप्रिय हो गया तथा समाज में प्रतिष्ठित स्थान पाने में समर्थ हुआ। हमारे देश के प्रसिद्ध गायक उस्ताद अब्दुल करीम खां तथा उस्ताद बड़े गुलाम अली ने अपनी संगीत यात्रा सारंगी वादक के रूप में आरम्भ की। आज यद्यपि सारंगी के कलाकार काफी कम हैं परन्तु जो कलाकार इस वाद्य यंत्र को सहेजे हुए हैं उनका सम्मान राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय मंचों में हो रहा है।

सारंगी के प्रमुख कलाकारों में उ0 अली बख्श, उ0 साबिर अली, उ0 बुन्दु खां, उ0 हुसैन बख्श, उ0 गुलाम साबिर, उ0 सुल्तान खां, पं0 रामनारायण, पं0 गोपाल मिश्र तथा पं0 हनुमान प्रसाद मिश्र प्रमुख नाम हैं। कुछ युवा सारंगी वादक इस दुर्लभ वाद्य को नयी ऊंचाई देने हेतु साधनारत हैं।

उ0 साबिर अली

उ0 सुल्तान खां

उ0 बुन्दु खां

5.6.4 स्वर वाद्य तानपुरा का संक्षिप्त इतिहास, कलाकार व उनके चित्र – स्वरवाद्य तम्बूरा या तानपुरा भारतीय संगीत का अत्यंत महत्वपूर्ण संगत वाद्य यंत्र है। इस वाद्य यंत्र के अभाव में भारतीय कंठ संगीत (गायन) की कल्पना असंभव है। वैदिक काल में 'वीणा' के अनेक प्रकार अथवा स्वरूपों का विवरण प्राप्त होता है जिनमें समवेत स्वरों के माध्यम से 'वैदिक मंत्रों' (ऋचाओं) का गायन होता था। भारतीय संगीत के तंत्री वाद्यों में 'तूम्बे' का प्रमाण सूत्र काल 200 ई0पू0 में प्राप्त होता है।

तूम्बा गोल लौकी के बड़े आकार को सूखाकर प्राप्त किया जाता है। यह एक प्राकृतिक ध्वनि विस्तारक है जिसका उपयोग भारतीय संगीतज्ञों द्वारा किया जाता है। उत्तर भारत के संगीतज्ञ, प्रकृति प्रदत्त इस तुम्बे का प्रयोग तम्बूरा (तानपुरा) अथवा सितार में इसकी कोमल प्रकृति के बावजूद करते हैं। तूम्बा कहीं भी टकराने पर टूट जाता है। अतः इसका प्रयोग सावधानीपूर्वक करना होता है। दक्षिण भारत में लकड़ी को खोद कर ही तूम्बे का आकार देकर इसका प्रयोग वाद्य यंत्रों में किया जाता है।

कुछ संगीतकार इस वाद्ययंत्र का मूल अरब के वाद्य यंत्र 'तुनबर' तथा ग्रीस के 'किनरह' को बताते हैं। परन्तु यह अवधारणा प्रासंगिक नहीं लगती क्योंकि भारत में वैदिक काल से विभिन्न प्रकार की वीणाओं के प्रयोग के प्रमाण हैं। जिनमें धनुर्वीणा व दण्ड वीणा के स्वरूप संथाल जनजाति के वाद्य यंत्र 'बुआंग' तथा तमिल लोक वाद्य 'बिलाड़ी–वाद्यम' तथा ''बिल्ला–यल'' में खोजे गए हैं।

प्राचीन ग्रंथों में तुम्बरू ऋषि को नारद के समकालीन तथा संगीतज्ञ के रूप में वर्णित किया गया है। कुछ संगीतकारों का मत है कि 'तम्बूरा' 'तुम्बरू वीणा' का ही वर्तमान स्वरूप है। 'अमरकोष', हरिवंश पुराण, बौद्ध एवं जैन ग्रंथों के अध्ययन से यह विदित होता है कि तूम्बी युक्त वीणाओं का प्रयोग सूत्रकाल 200 ई0पू0 के पश्चात भी दूसरी शताब्दी व आगे के काल में प्रचलित रहा। इसे अलाबू वीणा कहा जाता था, जो कालान्तर में तूम्बी वीणा के नाम से जाना जाने लगा।

तम्बूरा अथवा तानपुरा अपने वर्तमान स्वरूप में लगभग सोलहवीं शताब्दी में प्रयोग में लाया जाने लगा। एकल गायन प्रस्तुति के लिए एक उत्कृष्ट वाद्य यंत्र की तीव्र आवश्यकता के रूप में तम्बूरा अथवा तानपुरा की उत्पत्ति तथा विकास हुआ। ध्रुवपद गायन तथा खयाल गायन की भारतीय परम्पराओं के अनुसार इसमें समुचित संशोधन किए जाते रहे।

वर्तमान काल में यद्यपि इलैक्ट्रोनिक तानपुरा प्रचलन में है परन्तु परम्परागत तम्बूरा/तानपुरा का कोई विकल्प नहीं है। भारत के वैज्ञानिक सर सी0वी0 रमन तथा प्रो0 यशपाल भी भारतीय तम्बूरे की ध्वनि विस्तारक क्षमता, घुड़च तथा जवारी की विशिष्टता को भारतीय ऋषियों की समृद्धशाली परम्परा का द्योतक मानते हैं।

तानपुरा छेड़ना यद्यपि अत्यंत सरल सी प्रक्रिया लगती है परन्तु इसको कलात्मक शैली से छेड़ने हेतु अभ्यास की आवश्यकता होती है। हथेली व उंगलियों में लोच होना तथा चारों तारों को छेड़ने में समुचित अंतराल से स्वरमय वातावरण उत्पन्न करने हेतु सत्त अभ्यास की आवश्कता होती है। तानपुरा छेड़ने के दो तरीके प्रचलन में हैं – एक भूमि के समानान्तर तम्बूरा को रख कर, दूसरा भूमि के उर्ध्व दिशा में तानपुरा को गोद में रखकर छेड़ना। इसके लिए आवश्यक है कि तानपुरा जिस स्थिति में मिलाया गया हो उसे उसी स्थिति में छेड़ना चाहिए, जो आप पूर्व के चित्रों को देखकर सीख सकते हैं।

5.6.5 ताल वाद्य तबले का संक्षिप्त इतिहास, कलाकार व उनके चित्र – तबला वाद्य भारतीय संगीत का प्रमुख अवनद्ध वाद्य है। भारतीय संगीत में लय एवं ताल को आधार प्रदान करने में यह वाद्य अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ है। वर्तमान युग में गायन, वादन तथा नृत्य के प्रदर्शन की कल्पना तबला वाद्य के बिना अधूरी व निष्प्राण है।

प्राचीन काल में भारत में दुर्दुर, भेरी, ढ़ोल, नगाड़ा, पखावज व मृदंग प्रमुख ताल वाद्य रहे हैं। तबले के जन्म के विषय में संगीतकारों के विभिन्न मत हैं। एक मतानुसार तबला प्राचीन तालवाद्य दुर्दुर का आधुनिक संस्करण माना गया है। फारसी शब्द 'तब्ल' से तबले की उत्पत्ति का मत कुछ संगीतकार व्यक्त करते हैं। 'तबल' एक प्रकार का नगाड़ा था जिसका उपयोग युद्ध के समय जोश उत्पन्न करने हेतु किया जाता था। प्रसिद्ध संगीतज्ञ अमीर खुसरो खाँ (अमीर खुसरो द्वितीय) को तबला का अविष्कार माना गया, परन्तु कालान्तर में इस अवधारणा को संगीतकारों द्वारा नकार दिया गया। सुल्तान गयासुद्दीन बलबन के शासन काल में तबला वाद्य के समान तालवाद्य के चित्र, जो संगीत दरबार में कलाकारों द्वारा प्रयोग में लाए गए, चित्रित किए गए हैं। संगीतकारों का मत है कि तेरहवीं शताब्दी से तबला वाद्य का प्रयोग आरम्भ हुआ जो पहले लोक वाद्य के रूप में प्रचलन में था। संगीतज्ञ खुसरो खाँ तथा सिद्धार खाँ द्वारा तबले को परिष्कृत कर वर्तमान स्वरूप प्रदान किया गया। अठारहवीं शताब्दी तक यह वाद्य लोकप्रिय हो गया।

तबले के प्रमुख घराने निम्न है :–

दिल्ली घराना – दिल्ली घराना उ0 सिद्धार खाँ द्वारा स्थापित किया गया था। इस घराने में उ0 हबीबुद्दीन खाँ, उ0 मुनीर खाँ, उ0 अहमदजान थिरकवा व पं0 निखिल घोष प्रमुख कलाकार हुए हैं। वर्तमान में उ0 शफात अहमद व उ0 फैयाज खां इस घराने के प्रमुख कलाकार हैं।

अजराड़ा घराना : मेरठ के समीप अजराड़ा घराने की नींव उ0 मीरु खाँ तथा उ0 कल्लू खाँ द्वारा रखी गई। उस्ताद हबीबुद्दीन खाँ इस घराने के प्रमुख तबला वादक हुए हैं। वर्तमान में प्रो0 सुधीर सक्सेना व उ0 रमजान खाँ इस घराने के प्रमुख कलाकार हैं।

लखनऊ घराना – उस्ताद मोंदू खाँ व बख्शू खाँ इस घराने के संस्थापक माने गए हैं। उ0 आबिद हुसैन, उ0 मुन्ने खाँ, उ0 वाजिद हुसैन, उ0 आफाक हुसैन, पं0 बीरू मिश्र इस घराने के प्रमुख तबला वादक हुए हैं। वर्तमान में उ0 आफाक हुसैन के पुत्र उ0 इलमास हुसैन व पं0 स्वपन चौधरी इस घराने के प्रमुख कलाकार हैं।

फर्रूक्खाबाद घराना – उ0 हाजी विलायत अली खाँ द्वारा इस घराने को स्थापित किया गया। उस्ताद मुनीर खाँ, उ0 मसीत खाँ, उ0 करामतउल्ला खाँ, उ0 थिरकवा इस घराने के प्रमुख तबला वादक हुए हैं। वर्तमान में उ0 साबिर खाँ व पं0 अनिन्दो चटर्जी इस घराने के प्रमुख कलाकार हैं।

बनारस घराना – पंडित राम सहाय द्वारा स्थापित यह घराना उत्तर भारत का अत्यंत प्रसिद्ध घराना है। जिसमें पं0 भैरव सहाय, पं0 अनोखे लाल, पं0 कंठे महाराज, पं0 सामता प्रसाद, पं0 किशन महाराज आदि प्रसिद्ध तबला वादक हुए हैं। वर्तमान में पं0 राम कुमार मिश्र व पं0 कुमार बोस इस घराने के प्रमुख कलाकार हैं।

पंजाब घराना – एक मतानुसार उस्ताद हुसैन बखश को इस घराने का संस्थापक माना जाता है तथा दूसरे मतानुसार लाला भवानीदास को। उ0 कादिर बख्श, उ0 अल्ला रक्खा इस घराने के प्रसिद्ध तबला वादक हुए है। वर्तमान में उ0 जाकिर हुसैन इस घराने के प्रमुख कलाकार हैं।

उ0 शफात अहमद
(दिल्ली घराना)

प्रो0 सुधीर सक्सेना
(अजराडा घराना)

पं0 स्वपन चौधरी
(लखनऊ घराना)

उ0 साबिर खां
(फर्रुखाबाद घराना)

पं0 राम कुमार मिश्र
(बनारस घराना)

उ0 जाकिर हुसैन
(पंजाब घराना)

5.6.6 ताल वाद्य मृदंग/पखावज का संक्षिप्त इतिहास, कलाकार व उनके चित्र – ताल वाद्य मृदंग/पखावज की उत्पत्ति प्राचीन वाद्य त्रिपुष्कर से मानी गयी है। उस काल में मृदंग का निर्माण मिट्टी से होता था। पुराणों में इस वाद्य का वर्णन प्राप्त होता है। विघ्न विनाशक गणपति इस वाद्य के वादक माने गए हैं। प्राचीन वाद्य त्रिपुष्कर का आंकिक माग द्विपार्श्वमुखी था अर्थात इस वाद्य को सामने अथवा अंक (गोद) में लिटाकर बजाते थे। 'आंकिक' से ही मृदंग/पखावज का विकास हुआ। भरत के युग में 'आंकिक' को 'मृदंग' कहा जाने लगा। मध्य युग में मृदंग अथवा पखावज के निर्माण में लकड़ी का उपयोग आरम्भ हुआ। ध्रुवपद–धमार गायकी में मृदंग/पखावज की संगति प्रचलित रही है।

मृदंग के बांए मुख में गेहूँ अथवा जौं के गुंथे आटे का प्रयोग वादन के समय किया जाता है। मृदंग अथवा पखावज के बोल अत्यंत गम्भीर व प्रभावोत्पादक होते हैं। मृदंग/पखावज से ही तबला वाद्य की उत्पत्ति मानी गई है, जो आधुनिक भारतीय संगीत का प्रमुख ताल वाद्य है। मृदंग/पखावज एकांगी वाद्य है जबकि तबला द्विअंगी वाद्य है। परन्तु दोनों वाद्य एक ही गोत्र के माने गए है। मृदंग/पखावज के घराने अधिकांश कलाकारों के नाम से है। जैसे – कुदऊसिंह का घराना, नाना पानसे का घराना। कुदऊसिंह के घराने के पखावजी पं0 अयोध्या प्रसाद जी व पं0 रमाकान्त पाठक हुए हैं। अयोध्या के श्री रामशंकर दास 'पागलदास', पं0 अखिलेश गुन्डेचा तथा श्री छत्रपति सिंह भी पखावज/मृदंग के प्रमुख कलाकार हुए हैं।

पं0 रमाकान्त पाठक

पं0 अखिलेश गुन्डेचा

अभ्यास प्रश्न

अ) एक शब्द में उत्तर दीजिए :

1. भारत रत्न से सम्मानित सितार वादक कौन हैं?
2. वायलिन की प्रमुख महिला कलाकार कौन हैं?
3. प्रसिद्ध वादक उस्ताद जाकिर हुसैन किस घराने के कलाकार हैं?
4. 'पागलदास' जी किस वाद्य से सम्बन्धित हैं?
5. तबले के कितने घराने हैं?
6. सितार को पहले क्या कहा जाता था?
7. प्राचीन वाद्य पिनाकी एवं कच्छपी वीणा के सम्मिश्रण का वर्तमान स्वरुप कौन से वाद्य को माना जाता है?
8. एक मतानुसार तुम्बरु वीणा का वर्तमान स्वरुप कौन सा वाद्य है?

ब) लघु उत्तरीय प्रश्न :

1. सितार के इतिहास को संक्षेप में बताइए।
2. बेला/वायलिन के इतिहास को संक्षेप में बताइए।

5.7 सारांश

इस इकाई के अध्ययन के उपरान्त आप जान चुके होंगे कि भारतीय वाद्यों को कितनी श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। आप प्रमुख भारतीय स्वर व ताल वाद्यों की संरचना व मिलाने (टयुनिंग) की विधि को भी भली–भांति समझ चुके होंगे। इन भारतीय वाद्यों के संक्षिप्त इतिहास व उनके प्रमुख कलाकारों से भी आप परिचित हो चुके होंगे। इस इकाई के अध्ययन के उपरान्त आप भारतीय संगीत की ओर आकृष्ट होंगे तथा प्रमुख कलाकारों के प्रदर्शन को सुनने व देखने हेतु प्रेरित होंगे।

5.8 शब्दावली

1.	आंकिक	–	अंक अथवा गोद में
2.	द्विपार्श्वमुखी	–	दोनो ओर (दांए–बांए) मुख वाला
3.	परोधा–पंडित	–	पुरोहित
4.	चल–थाट सितार	–	जिस सितार में सारिकाओं (परदों) को खिसकाना पड़ता है।

5.9 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

उत्तरमाला 1.3 :

अ)रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

1. तत वाद्य 2. वित्त वाद्य 3. चमड़ा 4. मंजीरा 5. तंत्री व सुषिर वाद्य

उत्तरमाला 1.4 :

अ)एक शब्द में उत्तर दीजिए :

1. मिजराब 2. दिर 3. बेला 4. घुड़च(ब्रिज)
5. मध्य सा 6. जी, डी, ए व ई

उत्तरमाला 1.5 :

अ) सत्य/असत्य लिखें :

1. असत्य 2. सत्य 3. असत्य 4. सत्य

उत्तरमाला 1.6 :

अ) एक शब्द में उत्तर दीजिए :

1. पं0 रविशंकर 2. डॉ0 एन0 राजम 3. पंजाब घराना 4. पखावज
5. छः(6) 6. सेह तार 7. वायलिन 8. तम्बुरा

5.10 संदर्भ ग्रंथ सूची

1. श्रीवास्तव, प्रो0 गिरीश चन्द्र, *ताल परिचय भाग–1,* संगीत सदन प्रकाशन, साउथ मलाका, इलाहाबाद।
2. देवांगन, श्री तुलसी राम, *बेला वादन शिक्षा,* संगीत प्रेस, 88 साउथ मलाका, इलाहाबाद।
3. श्रीवास्तव, प्रो0 हरीशचन्द्र, *राग परिचय भाग–1,* संगीत सदन प्रकाशन, साउथ मलाका, इलाहाबाद।
4. निगम, श्री वी0एस0, *संगीत कौमुदी भाग–2,* सिटीजन प्रेस, भूसा मंडी–अमीनाबाद, लखनऊ।
5. साभार गूगल।

5.11 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्री

1. वसन्त, *संगीत विशारद,* संगीत कार्यालय, हाथरस (उ0प्र0)।
2. *संगीत* मासिक पत्रिका, संगीत कार्यालय, हाथरस (उ0प्र0)।

5.12 निबन्धात्मक प्रश्न

1. भारतीय वाद्यों का वर्गीकरण किस प्रकार किया गया है? समझाइए। स्वर वाद्य व ताल वाद्य के प्रमुख कलाकारों के नाम अलग–अलग सूची बना कर लिखिए।

इकाई 6– संगीत का मानव जीवन में महत्व (सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रभावना आदि पहलुओं पर आधारित) ।

6.1 प्रस्तावना
6.2 उद्देश्य
6.3 संगीत का मानव जीवन में महत्व सामाजिक
6.3.1 मनोवैज्ञानिक
6.3.2 सांस्कृतिक
6.3.4 राष्ट्रभावना

6.4 सारांश
6.5 शब्दावली
6.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर
6.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची
6.8 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्री
6.9 निबन्धात्मक प्रश्न

6.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई बी0ए0 संगीत के पाठ्यक्रम **BAMI(N)-350** के छठे सेमेस्टर की छठी इकाई है। इससे पूर्व की इकाईयों में आपको रागों और तोलों के अध्ययन के बारे में जानकारी प्राप्त हुई होगी।

इस इकाई में संगीत का मानव जीवन में महत्व (सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रभावना आदि के बारे में अध्ययन कर इसकी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

6.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के उपरान्त आप :–

- संगीत के सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को समझना।
- विभिन्न प्रकार के संगीत और उनके जीवन पर प्रभाव का अध्ययन करना।
- राष्ट्रभावना और प्रेरणा में संगीत की भूमिका को पहचानना।
- संगीत की सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक भूमिका का अध्ययन।
- मानव जीवन पर संगीत के मनोवैज्ञानिक प्रभावों का विश्लेषण।
- संगीत को आधारभूत आवश्यकता के रूप में स्थापित करना।

6.3 संगीत का मानव जीवन में महत्व

संगीत मानव जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और अभिन्न हिस्सा है। यह केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह भावनाओं, मानसिक स्थिति, सामाजिक संपर्क, सांस्कृतिक पहचान और आध्यात्मिक अनुभवों को भी प्रभावित करता है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक समय तक, संगीत ने मानव जीवन में उल्लास, शांति और प्रेरणा का स्रोत प्रदान किया है। संगीत का प्रभाव हर आयु वर्ग पर पड़ता हैकृबच्चों की सीखने की क्षमता, युवाओं की मानसिक शक्ति, वयस्कों की सहनशीलता और वृद्धों की मानसिक शांति। इसलिए इसे मानव जीवन की आधारभूत आवश्यकता माना जा सकता है। संगीत मानव जीवन की वह सशक्त अभिव्यक्तिपूर्ण कला है, जो व्यक्ति के मन, विचार, व्यवहार और सामाजिक संरचना को प्रभावित करती है। समाज के इतिहास, परंपराओं, उत्सवों, धार्मिक अनुष्ठानों और सामाजिक गतिविधियों में संगीत का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। यह केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक पहचान, सामूहिक भावनाओं और सामाजिक मूल्यों का वाहक है।

संगीत मानव समाज की एक प्राचीन और प्रभावशाली धरोहर है, जिसकी जड़ें मानव सभ्यता के आरंभिक विकास से ही जुड़ी हैं। यह केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि मानव जीवन के सामाजिक,

सांस्कृतिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक पक्षों को प्रभावित करने वाला एक प्रमुख माध्यम है। विभिन्न सभ्यताओं, धर्मों, जातीय समूहों तथा सामाजिक समुदायों के विकास में संगीत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। सामाजिक जीवन की हर गतिविधिकृउत्सव, संस्कार, श्रम, आध्यात्मिकता तथा सामूहिक अभिव्यक्तिकृ संगीत के बिना अधूरी मानी जाती है।

यह अध्याय संगीत की सामाजिक प्रासंगिकता, उसके सामुदायिक कार्य, सामाजिक मूल्यों के निर्माण, संगीत मानव मन का स्वाभाविक आहार है। यह न केवल हमारी भावनाओं को अभिव्यक्त करता है, बल्कि सामाजिक जीवन में मानसिक संतुलन, सामूहिकता और सकारात्मक व्यवहार को भी विकसित करता है। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से संगीत मानव मस्तिष्क और भावनाओं पर गहरा प्रभाव डालता है।

मानव जीवन के अस्तित्व के लिए रोटी, कपड़ा और मकान चिरकाल से मूलभूत आवश्यकताएं रही हैं। आधुनिक काल में मानव के लिए कला, शिक्षा, स्वास्थ्य देखरेख और सफाई भी उतनी ही आवश्यक हो गई हैं। हम जैसे–जैसे विकासशील देश से विकसित देश बनने की दिशा में प्रगति कर रहे हैं वैसे–वैसे ही हमारी बुनियादी जरूरतें भी बदलती जा रही हैं। हमारे दैनिक जीवन में संगीत की बहुत अहम भूमिका है। भारत की परंपरा बहुत समृद्ध रही है और देश के सभी भागों में संगीत और कला की विविध विधाएं

विकसित और पल्लवित होती रही हैं। इनमें से कई विधाएं तो वैदिक काल से चली आ रही हैं और अनेक विधाएं समय के साथ विकसित हुई हैं जबकि कुछ विधाएं समय बीतने के साथ विस्मृत हो चुकी हैं।

भार्तृहरि शतक के एक श्लोक की पहली पंक्ति है–

"साहित्यसंगीतकलाविहीनः साक्षात्पशुः पुच्छ विषाणहीनः।"

इसका भाव यह है कि साहित्य, संगीत और कलाओं की जानकारी से रहित मनुष्य बिना पूंछ और सींगों वाले पशु के समान ही होता है। ऐसे पशु को अपूर्ण ही माना–समझा जाएगा; इसी प्रकार साहित्य, संगीत और कलाओं का ज्ञान न रखने वाले व्यक्ति को ज्ञानी या विद्वान नहीं कहा जा सकता। शिक्षा के हर स्तर पर संगीत की विशेष भूमिका है। स्कूली शिक्षा के दौरान तो इसका महत्व और भी अधिक होता है। संगीत से बच्चों में अनुशासन आता है और लगन पैदा होती है सांस्कृतिक संरक्षण और सामूहिक चेतना पर इसके प्रभाव का विस्तार से अध्ययन प्रस्तुत करता है।

संगीत सीखने और संगीत का अभ्यास करने से बच्चों में समय का महत्व जानने और समय का प्रबंधन करने की क्षमता पनपती है जिससे उन्हें आवश्यक मुद्दों पर अधिक ध्यान देने की समझ आती है। जीवन के प्रारंभिक काल में ही इन मूल्यों का विकास होने से बच्चों को जीवन में आगे चलकर अनेकानेक लाभ प्राप्त होते हैं। यदि बच्चों में प्री–प्राइमरी या प्राइमरी–प्राथमिक पूर्व अथवा प्राथमिक स्तर पर इन गुणों का विकास हो जाए तो वे हाई–स्कूल में पढ़ाई–लिखाई का बोझ सहज ही सरलता से सह लेंगे और उस स्तर पर उनका प्रदर्शन निश्चय ही कहीं बेहतर होगा।

संगीत से बच्चों पर पाठ्यसामग्री का बोझ तो कम होता ही हैं, इससे उनके मन में उठ रहे द्वंद्व और विवाद भी शांत होने लगते हैं।

फिर, उन्हें संगीत के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त करने का अवसर मिल जाता है। संगीत के माध्यम से बच्चों में भावात्मक संतुलन आता है और सौंदर्य बोध की अभिव्यक्ति की क्षमता के विकास से उनमें सद्भाव जागृत हो जाता है। यदि ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर संगीत को पाठ्यक्रम का विषय बना लिया जाए और बच्चे को उच्च शिक्षा के लिए संगीत को ही विषय चुनने का विकल्प मिल सके तो उनके लिए बहुत ही लाभप्रद सिद्ध होगा क्योंकि बाल्यकाल से ही संगीत सीखना शुरू कर देने से इसे कॉलेज की पढ़ाई से जोड़ना भी सहज हो जाएगा।

संगीत का अभ्यास करने और उसके सिद्धांतों का ज्ञान प्राप्त करने से दोनों क्षेत्रों को समान महत्व मिलेगा जो बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। वाद्य यंत्रों की कार्यप्रणाली के बारे में चर्चा से स्वर की संरचना को –

बारीकी से समझने में मदद मिलेगी और विद्यार्थियों में उसके प्रति रुचि एवं जिज्ञासा जागृत होगी। इससे संगीत की हमारी प्राचीन परंपराओं के बारे में ऐतिहासिक दृष्टिकोण विकसित होगा और साथ ही विद्यार्थी को विषय की भाषा और शब्दावली सीखने तथा संगीत की विभिन्न परिभाषाओं और उक्तियों को भली प्रकार जानने–समझने में भी सरलता होगी। इसी अवस्था में बच्चों में संगीत के सौंदर्य को परखने और उसे ग्रहण करने की उत्सुक्ता जगेगी जिससे उन्हें 'रागों' की विशेषताएं जानने और विभिन्न 'स्वरों' को गाकर या बजाकर उन्हें पहचानने की क्षमता विकसित करने में बड़ी सफलता मिल सकेगी। संगीत के सौंदर्य को समझकर उसे सराहने की क्षमता हासिल करने के लिए किसी उच्च कलाकार को सुनते रहना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है और इसके लिए सिद्धहस्त गुरु के चरणों में बैठकर संगीत सुनने की कठिन साधना करनी पड़ती है। शास्त्रीय संगीत के प्रति मूल भाव विकसित करने के लिए 'सुर', 'स्वर' और 'संगीत रचनाओं' का अध्ययन सबसे ज़्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण होता है।

संगीत मानव संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा है। यह केवल कला का रूप नहीं बल्कि परम्पराओं, मान्यताओं और सामाजिक व्यवहारों का जीवंत दर्पण है। आदिम युग से लेकर आधुनिक सभ्यता तक, संगीत ने सांस्कृतिक निरंतरता को बनाए रखते हुए मानव जीवन को सौन्दर्य, ऊर्जा और एकता से जोड़ने का कार्य किया है। संगीत मानव संवेदनाओं की वह मधुर अभिव्यक्ति है, जो व्यक्ति के हृदय में न केवल भावनाओं का संचार करती है, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति गहन निष्ठा, समर्पण और गौरव की भावना भी जगाती है। किसी भी राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान उसके संगीत में सुरक्षित रहती है। राष्ट्रीय गान, देशभक्ति गीत, लोकसंगीत, युद्धगीत और सांस्कृतिक संगीत परंपराएँ मिलकर नागरिकों के भीतर राष्ट्रीय भक्ति जागृत करती है।

6.1.1 संगीत का मानव जीवन में सामाजिक महत्व

संगीत मानव समाज की सामूहिक चेतना का सशक्त माध्यम है। यह व्यक्ति को समाज से जोड़ता है और सामाजिक जीवन को संतुलन, सौहार्द और एकता प्रदान करता है। सामाजिक दृष्टि से संगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक मूल्यों, परंपराओं और मानवीय संबंधों को सुदृढ़ करने वाला तत्व है। संगीत विभिन्न वर्गों, जातियों और समुदायों को एक सूत्र में बाँधता है। सामूहिक गायन, लोकगीत, भजन, कीर्तन और राष्ट्रीय गीत सामाजिक एकता की भावना को प्रबल करते हैं। जन्म, विवाह, उत्सव, पर्व, धार्मिक अनुष्ठान और अंतिम संस्कार जैसे सामाजिक अवसरों पर संगीत अनिवार्य रूप से जुड़ा होता है। यह सामाजिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखता है। संगीत के माध्यम से प्रेम, करुणा, वीरता, भक्ति

और उल्लास जैसी सामाजिक भावनाओं की अभिव्यक्ति होती है। यह समाज के सामूहिक अनुभवों को स्वर देता है। सांस्कृतिक संरक्षण और पीढ़ीगत संवाद से लोक–संगीत और पारंपरिक गीतों के माध्यम से संस्कृति, इतिहास और सामाजिक मूल्य एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुँचते हैं। संगीत सामाजिक तनाव, हिंसा और मानसिक अशांति को कम करने में सहायक है। यह समाज में सहिष्णुता और मानवीय संवेदनाओं को बढ़ाता है। श्रमगीत, लोकधुनें और सामूहिक वादन कार्यस्थलों पर ऊर्जा, सहयोग और उत्साह उत्पन्न करते हैं, जिससे सामाजिक सहयोग बढ़ता है।

राष्ट्रभावना और सामाजिक चेतना देशभक्ति गीत, राष्ट्रीय गान और प्रेरक रचनाएँ समाज में राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यबोध और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करती हैं। संगीत सामाजिक भेदभाव को कम करता है और समावेशी समाज के निर्माण में सहायक होता है।

6.1.2 संगीत का मानव जीवन में मनोवैज्ञानिक महत्व

संगीत मानव मन और मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव डालने वाली कला है। यह भावनाओं, विचारों और व्यवहार को संतुलित कर मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से संगीत न केवल मनोरंजन है, बल्कि एक प्रभावी उपचारात्मक और विकासात्मक माध्यम भी है। संगीत के माध्यम से व्यक्ति अपने हर्ष, विषाद, प्रेम, करुणा, क्रोध और उल्लास जैसी भावनाओं को सहज रूप से व्यक्त कर सकता है। इससे भावनात्मक दमन कम होता है। संगीत तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में सहायक होता है। मधुर और शांत संगीत मन को शांति प्रदान करता है और मानसिक संतुलन बनाए रखता है। संगीत मस्तिष्क की सक्रियता बढ़ाता है, जिससे स्मरण शक्ति, ध्यान और एकाग्रता में वृद्धि होती है। विद्यार्थियों के लिए यह विशेष रूप से लाभकारी है। गायन, वादन और ताल अभ्यास से व्यक्ति में आत्मविश्वास बढ़ता है और आत्म–अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित होती है। संगीत–चिकित्सा का प्रयोग मानसिक रोगों, अनिद्रा, तनाव और भावनात्मक विकारों के उपचार में किया जाता है। संगीत अनुशासन, धैर्य, संवेदनशीलता और रचनात्मकता को बढ़ाता है, जिससे संतुलित व्यक्तित्व का निर्माण होता है। बाल्यावस्था में संगीत सीखने से भावनात्मक स्थिरता, सामाजिक व्यवहार और बौद्धिक विकास होता है।

संगीत वृद्ध व्यक्तियों को मानसिक शांति, स्मृतियों के संचार और एकाकीपन से मुक्ति दिलाने में सहायक होता है।

संगीत मानव सभ्यता की प्राचीन धरोहर है। भारत में वैदिक परंपरा, सामवेद, लोक–संगीत और शास्त्रीय संगीत ने सांस्कृतिक निरंतरता बनाए रखी है। समय के साथ अनेक विधाएँ विकसित हुईं, कुछ विस्मृत हुईं, पर संगीत की केंद्रीय भूमिका बनी रही। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से संगीत मानव मस्तिष्क और भावनाओं

पर गहरा प्रभाव डालता है। यह मानसिक संतुलन, तनाव–नियंत्रण और सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा देता है। संगीत मानव मन का स्वाभाविक आहार है, जो भावनात्मक अभिव्यक्ति और आंतरिक शांति प्रदान करता है।

6.1.3 संगीत का मानव जीवन में सांस्कृतिक महत्व

संगीत मानव संस्कृति का अभिन्न और जीवंत अंग है। यह किसी भी समाज की परंपराओं, मान्यताओं, जीवन–शैली और सांस्कृतिक पहचान को अभिव्यक्त करता है। आदिम युग से आधुनिक युग तक संगीत ने सांस्कृतिक निरंतरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किसी भी समाज या राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान उसके संगीत में सुरक्षित रहती है। लोक–संगीत, शास्त्रीय संगीत और धार्मिक संगीत उस समाज की आत्मा को प्रतिबिंबित करते हैं। विवाह गीत, संस्कार गीत, पर्व–त्योहारों के गीत और लोकधुनें पीढ़ी–दर–पीढ़ी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखती हैं। लोक–संगीत जनजीवन, श्रम, प्रकृति और सामाजिक अनुभवों से जुड़ा होता है। यह स्थानीय संस्कृति और भाषा के संरक्षण में सहायक है। भजन, कीर्तन, सूफी संगीत, गुरबाणी और स्तुति–गान धार्मिक एवं आध्यात्मिक संस्कृति को सुदृढ़ करते हैं और आस्था को गहराई प्रदान करते हैं। संगीत विभिन्न संस्कृतियों के बीच संवाद स्थापित करता है। भारतीय संगीत में विविधता होते हुए भी एकता का भाव दिखाई देता है। नृत्य, संगीत समारोह, सांस्कृतिक महोत्सव और मेलों में संगीत सामूहिक आनंद और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ाता है। प्राचीन ग्रंथों, रागों और परंपराओं के माध्यम से संगीत इतिहास और संस्कृति की अमूल्य धरोहर को सुरक्षित रखता है।

6.1.4 संगीत का मानव जीवन में राष्ट्रभावना से संबंधित महत्व

संगीत राष्ट्रभावना को जागृत करने का अत्यंत प्रभावशाली माध्यम है। यह व्यक्ति में देश के प्रति प्रेम, निष्ठा, त्याग और समर्पण की भावना उत्पन्न करता है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आधुनिक भारत तक, संगीत ने जनमानस को राष्ट्र के प्रति एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संगीत विभिन्न भाषाओं, धर्मों और क्षेत्रों के लोगों को एक सूत्र में बाँधता है। राष्ट्रीय गान और देशभक्ति गीत सामूहिक रूप से गाए जाने पर एकता की अनुभूति कराते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशभक्ति गीतों ने जनसामान्य में उत्साह, साहस और बलिदान की भावना जगाई। 'वंदे मातरम्' और 'सारे जहाँ से अच्छा' जैसे गीतों ने राष्ट्रीय चेतना को प्रखर किया। राष्ट्रीय गान देश की अस्मिता और सम्मान का प्रतीक है। इसके गायन से नागरिकों में अनुशासन, सम्मान और राष्ट्र के प्रति श्रद्धा का भाव विकसित होता है। सेना, परेड और युद्ध–गीतों में प्रयुक्त संगीत वीरता, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को प्रबल करता है।

भारत जैसे बहुसांस्कृतिक राष्ट्र में संगीत विविधताओं को जोड़कर राष्ट्रीय समरसता को सुदृढ़ करता है। देशभक्ति गीत, प्रेरक संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ युवाओं में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता उत्पन्न करती हैं। स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और अन्य राष्ट्रीय पर्वों पर संगीत कार्यक्रम राष्ट्रीय गौरव और सामूहिक उत्साह को बढ़ाते हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय संगीत देश की सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्र की गरिमा को प्रतिष्ठित करता है।

6.7 सारांश

इस इकाई के अध्ययन के उपरान्त आप यह जान चुके होंगे कि संगीत केवल ध्वनि या सुरों का समूह नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता है। सामाजिक संबंध, मानसिक स्वास्थ्य, सांस्कृतिक पहचान, राष्ट्रप्रेम और आध्यात्मिक उन्नति में इसका महत्व अमूल्य है। संगीत मानव जीवन को सुंदर, सार्थक और प्रेरणादायक बनाता है। संगीत मानव जीवन में केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्रभावना का अत्यंत शक्तिशाली स्रोत है। यह राष्ट्रीय एकता, सामूहिक पहचान, देशप्रेम, सांस्कृतिक गौरव और इतिहास को जोड़कर नागरिकों को राष्ट्र के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा देता है। इसलिए कहा जाता है कि "संगीत केवल स्वर नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है। संगीत मानव सामाजिक जीवन के प्रत्येक पहलू को प्रभावित करता है। यह सामाजिक एकता का माध्यम, सांस्कृतिक परंपराओं का आधार, भावनात्मक संतुलन का साधन और सामाजिक मूल्यों का संवाहक है। संगीत समाज की संवेदनशीलता, सामूहिकता और सौहार्द को बढ़ाकर उसे अधिक सभ्य और समृद्ध बनाता है। अतः यह कहा जा सकता है कि संगीत मानव समाज का आधारदृस्तम्भ है, जिसके बिना सामाजिक जीवन की परिकल्पना अधूरी है।

संगीत मानव संस्कृति का जीता–जागता आधार है। यह न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि सांस्कृतिक पहचान, परम्परा, आध्यात्मिकता, एकता और विविधता को संरक्षित करने वाला सशक्त उपकरण भी है। संगीत के बिना मानव संस्कृति अधूरी है। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से संगीत मनुष्य के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन, सामाजिक सामंजस्य, व्यक्तित्व विकास और कार्यक्षमता को प्रभावित करता है। यह न केवल मन को शांत करता है, बल्कि सामाजिक जीवन में सामूहिक भावनाओं और सकारात्मक व्यवहार को भी बढ़ाता है। इसलिए संगीत मानव सामाजिक जीवन में एक मनोवैज्ञानिक सहारा और मानसिक ऊर्जा का स्रोत है।

6.8 शब्दावली

संगीतः स्वर, लय और ताल के संयोजन से उत्पन्न कला, जो भावों की अभिव्यक्ति करती है।

स्वरः संगीत की मूल ध्वनि इकाई, जिससे राग की रचना होती है।

लयः समय के प्रवाह में गति और ठहराव का संतुलन।

तालः मात्राओं का निश्चित चक्र, जो संगीत को संरचना देता है।

रागः निश्चित स्वर–संरचना और भावात्मक स्वरूप वाला संगीतात्मक ढांचा।

शास्त्रीय संगीतः शास्त्रों और परंपराओं पर आधारित सुव्यवस्थित संगीत प्रणाली।

लोक–संगीतः जनजीवन से जुड़ा, क्षेत्रीय परंपराओं पर आधारित संगीत।

सामवेदः वेदों में वह ग्रंथ, जिसमें गायनात्मक मंत्रों का संकलन है।

श्रवण–साधनाः गुरु के सान्निध्य में संगीत सुनकर सीखने की प्रक्रिया।

सौंदर्य–बोधः कला के सौंदर्य को समझने और अनुभव करने की क्षमता।

भावात्मक संतुलनः भावनाओं का संतुलित और सकारात्मक नियमन।

राष्ट्रभावनाः राष्ट्र के प्रति निष्ठा, गर्व और समर्पण की चेतना।

सांस्कृतिक विरासतः पीढ़ी–दर–पीढ़ी संचित कला, परंपराएँ और मूल्य।

6.9 अभ्यास प्रश्न

क. लघु उत्तरीय प्रश्न :–

1. गीत गोविन्द पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
2. मानसिंह तोमर काल में संगीत की स्थिति को संक्षेप में समझाइए।
3. आधुनिक कालीन प्रसिद्ध संगीत ग्रंथों के नाम बताइए।
4. उस्ताद अलाउद्दीन खां के सांगीतिक योगदान को बताइए।

ख. सत्य/असत्य बताइए :–

1. मैरिस म्यूजिक कॉलेज इलाहाबाद में स्थित है।
2. अभिनव राग मंजरी के रचयिता पं.वि.दिगम्बर पुलस्कर हैं।
3. भक्ति आंदोलन के प्रचारकों में सूरदास प्रमुख थे।
4. तानसेन द्वारा राग मियां की सारंग की रचना हुई।

ग. रिक्त स्थान की पूर्ति :–

1. संगीत दर्पण ग्रंथ के लेखक _____ हैं।
2. गीत गोविन्द की रचना _____शताब्दी में हुई।
3. सर्वप्रथम सन् _____ में लाहौर गन्धर्व महाविद्यालय की स्थापना हुई।
4. पं.ओमकार नाथ ठाकुर को सन् _____में पद्मश्री से सम्मानित किया गया।**1.7 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर**

ख. सत्य/असत्य बताइए :–

- संगीत केवल मनोरंजन का साधन है। (असत्य)
- संगीत सामाजिक एकता को सुदृढ़ करता है। (सत्य)
- सामवेद का संबंध संगीत से नहीं है। (असत्य)
- संगीत बच्चों में अनुशासन और समय–प्रबंधन विकसित करता है। (सत्य)
- संगीत का मानव मन पर कोई मनोवैज्ञानिक प्रभाव नहीं पड़ता। (असत्य)

ग. रिक्त स्थान की पूर्ति :–

- संगीत मानव जीवन की एक –––––––––– आवश्यकता है। (आधारभूत)
- –––––––––– काल से भारतीय संगीत परंपरा चली आ रही है। (वैदिक)
- भार्तृहरि ने –––––––––– शतक में साहित्य और संगीत का महत्व बताया है। (नीति)
- राग और स्वर का अध्ययन –––––––––– संगीत का आधार है। (शास्त्रीय)
- राष्ट्रीय गान और देशभक्ति गीत –––––––––– भावना को जागृत करते हैं। (राष्ट्र)

6.10 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

- शारंगदेव – संगीत रत्नाकर
- पं. विष्णु नारायण भातखंडे – हिंदुस्तानी संगीत पद्धति
- डॉ. प्रेमलता शर्मा – भारतीय संगीत का इतिहास
- भार्तृहरि – नीति शतक
- आचार्य बृहस्पति – भारतीय संगीत चिंतन

6.11 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्रीः

- भार्तृहरि – नीति शतक

- आचार्य बृहस्पति – भारतीय संगीत चिंतन

6.12 निबन्धात्मक प्रश्न

प्रश्न 1. संगीत का मानव जीवन के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में योगदान स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 2. शिक्षा और मनोविज्ञान के क्षेत्र में संगीत की भूमिका का विवेचन कीजिए।